# मराल ओवरसीज़ लिमिटेड

सीआईएनः L17124MP1989PLC008255
**पंजीकृत कार्यालयः** मराल सरोवर, ग्राम एवं पोस्ट खलबुर्जुग, तहसील कसरावाद, जिला खरगोन – 451 660, (मध्य प्रदेश)
फोनः +91–7285–265401, 265404, 265417
**कॉर्पोरेट कार्यालय :** भीलवाड़ा टॉवर्स, ए–12 सेक्टर–1, नोएडा – 201 301, उत्तर (प्रदेश)
फोनः +91–120–4390300, 4390000 (EPABX)
ईमेलः **maral.investor@lnjbhilwara.com**; वेबसाइटः **www.maraloverseas.com**

BHILWARA GROUP LNJ
PROUD TO BE INDIAN
PRIVILEGED TO BE GLOBAL

## डाक मतपत्र/ई–वोटिंग की सूचना

कम्पनी के सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 (**"अधिनियम"**) की धारा 108, 110 एवं अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 (**"नियम"**) के नियम 20 एवं 22 (वर्तमान में लागू वैधानिक संशोधन या पुनः अधिनियमनों सहित), के साथ पठित कॉर्पोरेट मामले मंत्रालय (**"एमसीए"**) द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांकित 19 सितम्बर, 2024, के साथ इस सम्बन्ध में एमसीए द्वारा जारी पिछले परिपत्रों (**"एमसीए परिपत्र"**) के साथ पठित, सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएँ और प्रकटीकरण अपेक्षाएँ) विनियम, 2015 (**"सूचीबद्धता विनियम"**) के लागू प्रावधानों, के अनुसार कम्पनी ने मंगलवार, 18 फरवरी, 2025 को सभी सदस्यों को स्पष्टीकरणात्मक विवरण सहित डाक मतपत्र सूचना दिनांक 4 फरवरी, 2025 (**"डाक मतपत्र सूचना"**), ईमेल द्वारा प्रेषित की है जिसमें रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से निम्नलिखित प्रस्तावों पर उनकी स्वीकृति मांगी गई हैः

1. श्री शेखर अग्रवाल (डीआईएनः 00066113) को 1 अप्रैल, 2025 के प्रभाव से तीन (3) वर्ष की अवधि हेतु कम्पनी के प्रबंध निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त हेतु अनुमोदन (विशेष प्रस्ताव)
2. श्री शांतनु अग्रवाल (डीआईएनः 02314304) को 19 जून, 2025 के प्रभाव से तीन (3) वर्ष की अवधि हेतु कम्पनी के संयुक्त प्रबंध निदेशक के रूप में पुनः नियुक्त हेतु अनुमोदन (विशेष प्रस्ताव)

एमसीए परिपत्रों के अनुसार, डाक मतपत्र सूचना मात्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सभी सदस्यों को प्रेषित किया गया है, जिन्होंने **शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025 ("कट–ऑफ तिथि")** तक कम्पनी या डिपॉजिटरी प्रतिभागियों या कम्पनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) अर्थात् मेसर्स एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत है। कृपया ध्यान दें कि इस डाक मतपत्र हेतु सूचना, डाक मतपत्र फॉर्म एवं प्री–पेड बिजनेस रिप्लाई लिफाफे की भौतिक प्रति सदस्यों को नहीं भेजी गई है। जो व्यक्ति कट–ऑफ तिथि पर सदस्य नहीं है, उसे यह सूचना मात्र जानकारी के उद्देश्य से ही व्यवहृत करना चाहिए।

कम्पनी ने पात्र सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने हेतु नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (**"एनएसडीएल"**) की सेवाएँ ली हैं, ताकि वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डालने में सक्षम हों।

ई–वोटिंग की अवधि बुधवार, 19 फरवरी, 2025 (प्रातः 9:00 बजे भारतीय मानक समय) से आरम्भ होगी तथा बृहस्पतिवार, 20 मार्च, 2025 (सायं 5:00 बजे भारतीय मानक समय) (दोनों दिन सम्मिलित) को समाप्त होगी। इस अवधि के दौरान, कम्पनी के सदस्य, जो कट–ऑफ तिथि अर्थात् शुक्रवार, 14 फरवरी, 2025 को भौतिक रूप में या डीमैट रूप में शेयर प्रतिरक्षित करते हैं, वे इलेक्ट्रॉनिक रूप से अपना वोट डाल सकते हैं। इसके पश्चात् एनएसडीएल द्वारा ई–वोटिंग मॉड्यूल को वोटिंग हेतु अक्षम कर दिया जाएगा एवं उक्त तिथि और समय उपरान्त वोटिंग की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक बार सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर वोट डालने के पश्चात् सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

जो सदस्य कट–ऑफ तिथि तक शेयर प्रतिरक्षित करते हैं और जिन्होंने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं किया है, वे डाक मतपत्र सूचना प्राप्त करने हेतु **maral.investor@lnjbhilwara.com** or **helpdeskdelhi@mcsregistrars.com** पर ई–मेल भेज सकते हैं या कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् **www.maraloverseas.com** से डाउनलोड कर सकते हैं तथा उन स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट से भी डाउनलोड कर सकते हैं जहाँ कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं अर्थात् बीएसई लिमिटेड (**www.bseindia.com**) एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (**www.nseindia.com**) तथा डाक मतपत्र सूचना में दिए गए रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया एवं निर्देशों का पालन करके इलेक्ट्रॉनिक रूप से वोट कर सकते हैं।

किसी भी प्रश्न के मामले में, सदस्य **www.evoting.nsdl.com** के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध शेयरधारकों हेतु फ्रीक्वेंटली आस्कड क्वेश्चन (FAQs) एवं शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग उपयोगकर्ता पुस्तिका संदर्भित सकते हैं या टोल फ्री नंबरः 1800–1020–990 या 1800–22–44–30 पर कॉल कर सकते हैं या **evoting@nsdl.co.in** पर अनुरोध भेज सकते हैं। किसी भी अन्य प्रश्न या शिकायत के मामले में, श्री संदीप सिंह, कम्पनी सचिव से निम्नलिखित संपर्क विवरणों पर संपर्क किया जा सकता हैः श्री संदीप सिंह, कम्पनी सचिव, मराल ओवरसीज लिमिटेड, भीलवाड़ा टावर्स, ए–12, सेक्टर–1, नोएडा–201301 (उ.प्र.), टेलीफोनः (0120) 4390300, ईमेलः **maral.investor@lnjbhilwara.com**.

कम्पनी ने मेसर्स मनीषा गुप्ता एंड एसोसिएट्स, संव्यावसायिक कम्पनी सचिव के श्री मनीषा गुप्ता (सीओपी नंबर 6808) को निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से डाक मतपत्र प्रक्रिया के संचालन हेतु संवीक्षक के तौर पर नियुक्त किया है। डाक मतपत्र के परिणाम शनिवार, 22 मार्च, 2025 को या उससे पूर्व घोषित किए जाएँगे एवं कम्पनी की वेबसाइट (**www.maraloverseas.com**), एनएसडीएल की वेबसाइट (**www.evoting.nsdl.com**) पर अपलोड किए जाएँगे। परिणामों की सूचना बीएसई लिमिटेड एवं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड को भी दी जाएगी, जहाँ कम्पनी के शेयर सूचीबद्ध हैं।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते मराल ओवरसीज़ लिमिटेड**
हस्ता/–
**संदीप सिंह**
**कम्पनी सचिव**
**सदस्यता संख्या एफसीएस – 9877**

**स्थान : नोएडा (उ.प्र.)**
**दिनांक : 18 फरवरी, 2025**